## खबर संक्षेप

### बाइक चोर गिरफ्तार बाइक भी बरामद

पानीपत, 27 मई : एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने गंदा नाला पुलिया पर नाकाबंदी के दौरान एक युवक को चोरी की बाइक से साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान करनाल के भीम नगर निवासी शिवम के रूप में हुई है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपी ने बाइक 10 जुलाई 2024 को सेक्टर 25 बाईपास पर डेज होटल के पास शगुन गार्डन की पार्किंग से चोरी करना स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में कुटानी रोड जगदीश नगर निवासी अशोक पाल पुत्र शिवकुमार की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। पूछताछ के बाद आज आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### 6 जून तक फ्री- यात्रा के पोर्टल पर करें रजिस्ट्रेशन

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 8 जून को सोमनाथ दर्शन के लिए एक स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। उन्होंने बताया कि इस स्पेशन ट्रेन को 8 जून को कुरूक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत इस फ्री यात्रा के लिए इच्छुक व्यक्ति डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉटसरलहरियाणाडॉटजीओवीडॉट इन पोर्टल (मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना) पर 6 जून तक आवेदन कर सकते है। उपायुक्त ने बताया कि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन उपरांत जिला सचिवालय स्थित जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय में रजिस्ट्रेशन की सूचना देनी होगी।

### मतदाता सूची को शुद्ध व पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : डीसी

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान को गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। डॉ. दहिया ने बताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बापौली।** सीआईए थ्री पुलिस ने हरिद्वार बाइपास रोड से झांबा बापौली रोड चौक पर एक युवक को देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बापौली माजरा निवासी साहिल के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसे सोशल मीडिया पर हथियार देखकर रखने का शौक हो गया था। उसने शौक पूरा करने के लिए करीब डेढ साल पहले यूपी के बागपत में मेरठ रोड पर एक युवक से देसी पिस्तौल 3 हजार रूपए में खरीदा और अवैध देसी पिस्तौल को साथ लेकर चलने लगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग

### आस्था को आइआइटी जेएएम में मिला 698वां रैंक

**इसराना।** चमराडा की बेटी ने यूट्यूब से ऑनलाइन पढ़ाई कर आईआईटी जेएएम की परीक्षा दे कर 698 वां रैंक हासिल कर



आईआईटी बॉम्बे में दाखिले की सीट पक्की कर ली है। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से एमएससी की पढ़ाई करते हुए ये मुकाम हासिल किया है। आस्था सिंह ने साबित कर दिया अगर लक्ष्य को सामने रख कर मेहनत की जाए तो बड़े से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। इससे पहले उन्होंने गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार से बीएससी किया था।

## फर्जी फर्मों के नाम पर यार्न कारोबारियों से की थी ठगी

# व्यापारियों से ठगी करने के तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार, दो दिन के रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। ठगी के आरोपियों के साथ पुलिस टीम । फोटो : हरिभूमि

फर्जी फर्मों के नाम पर यार्न कारोबारियों से को ठगने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन और मुख्य आरोपियों को पानीपत की सीआईए 1 ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान मस्ताना चौक पठान मोहल्ला निवासी दीपक कपूर, वार्ड.11 नजदीक रामलाल स्कूल, किला निवासी राजेश रॉय रत्न और मुखीजा कॉलोनी निवासी राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने आज तीनों को न्यायालय में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है जबकि मामले में पहले पकड़ा जा चुका मुख्य आरोपी प्रीत सिंह पहले ही जेल जा चुका है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि गहन पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले पकड़े जा चुके अपने साथी प्रीत सिंह के साथ मिलकर पानीपत और आसपास के यार्न कारोबारियों से धागा खरीदकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपियों ने बताया कि वे व्यापारियों से धोखाधड़ी कर लिया गया धागा पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की धागा मार्केट्स में बेच देते थे और उससे मिलने वाले पैसों को आपस में बराबर हिस्सों में बांट लेते थे। आरोपियों ने श्याम यार्न उग्राखेड़ी से 3744 किलो धागा खरीदकर 229979, महादेव टेक्सटाइल गंगापुरी रोड 7 हजार किलो धागा,447210, गुप्ता यार्न 10 हजार किलो धागा, 594928,निर्मल बाला जी स्पिन टैक्स नौल्था 2500 किलो धागा खरीदकर 210263 की ठगी करना स्वीकार किया है।

### ऐसे हुआ भंडाफोड़

थाना चांदनी बाग में सोनीपत के दुराना गांव निवासी अरविंद मालिक श्याम यार्न ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 11 सितंबर 2025 को दीपक कपूर, प्रीत सिंह, राज रत्न और राहुल कुमार उनकी फैक्टरी में आए थे। उन्होंने सेक्टर 25 में ओम ट्रेडर्स, महादेव इंटरप्राइजेज, नानक इंटरप्राइजेज और फर्निशिंग वाला नाम से चार फर्में होने का दावा कर 3744 किलो धागे का ऑर्डर दिया। अरविंद ने 13 सितंबर को दो गाड़ियों में माल लोड कराकर उनकी फैक्टरी भिजवा दिया। जिसके बदले आरोपियों ने 229979 का चेक दिया, जो बैंक में बाउंस हो गया। जब अरविंद ने भुगतान मांगा तो आरोपियों ने टालमटोल की और धमकी देते हुए कहा कि वे लोगों को इसी तरह ठगते हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दीपक कपूर की सेक्टर.25 पार्ट 2 में ओम ट्रेडर्स के नाम से हैंडलूम की फर्म है। राहुल की महादेव इंटरप्राइजेज नाम से और राजेश रॉय रत्न की फर्निशिंग वाला नाम से फर्म है। वहीं पहले पकड़े जा चुके आरोपी प्रीत सिंह की टोल प्लाजा के पास प्लास्टिक दाना की फैक्टरी थी जो करीब डेढ़ साल पहले भारी नुकसान होने के कारण बंद हो गई थी। चारों दोस्तों ने मिलकर शॉर्टकट तरीके से कम समय में मोटा पैसा कमाने के लिए व्यापारियों को ठगने की साजिश रची थी। ये कारोबारियों से माल खरीदकर जानबूझकर ऐसे चेक देते थे जो बैंक में जाकर बाउंस हो जाते थे।

## आर्य वीर दल के प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने दिखाए करतब



पानीपत। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा नेता कुणाल आर्य रहे

आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में सार्वदेशिक आर्य वीर दल एवं आर्य वीरांगना दल बौद्धिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण शिविर में विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि युवा नेता कुणाल आर्य रहे जबकि अंग्रेजी प्रवक्ता छवि आर्या, विधि विशेषज्ञ हर्षिका आर्या और भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि रहे। जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की।

कार्यक्रम को उप्राचार्य जगदीश आर्य, आचार्य राजकुमार शास्त्री, योगाचार्य प्रवीण आर्य, व्यायाम शिक्षक कनिष्क आर्य, जय राम आर्य, प्रीति आर्या, वंशिका, समन्वयक अधिकारी आशा अरोड़ा व दीप्ति ने भी संबोधित किया। कुणाल आर्य ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही चिकित्सकों का सम्मानित स्थान रहा है और आपातकाल के दौरान ऑपरेशन करते समय चिकित्सक का हाथ जान बचाने में भगवान के हाथ जैसा बन जाता है। इसलिए चिकित्सकों को सम्मान दिलाने के लिए प्रतिवर्ष विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। वहीं छात्रों ने शिविर के अनेक पराक्रम दिखाकर दांतो तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया।

## एसपी ने अधिकारियों को दिए अपराध पर नियंत्रण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आज जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारियों व चौकी इंचार्जो के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन कर कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाही की समीक्षा लेकर अपराध नियंत्रण, कानून एवं व्यवस्था और थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के कड़े दिशा निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी में एएसपी हर्षित गोयल, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी राजबीर सिंह, डीएसपी सुरेश कुमार सैनी, डीएसपी नरेंद्र सिंह, डीएसपी प्रणय कुमार, डीएसपी आत्माराम, डीएसपी मुकेश व सभी थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्ज उपस्थित रहें। एसपी सिंह ने मीटिंग में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें एवं तय समय सीमा में जांच पूरी कर उसका न्यायालय में चालान पेश करें। महिला विरूध अपराधों का निपटारा निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए और थाना प्रबंधक स्वयं यह सुनिश्चित करें की पीड़ित को उचित न्याय मिले।



पानीपत। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एसपी भूपेंद्र सिंह ।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

लघु सचिवालय के सामने ओवर ब्रिज के नीचे ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित मजदूर संगठन सीटू जिला कमेटी के नेतृत्व मे राज्यव्यापी हड़ताल विरोध प्रदर्शन व धरना आज भी जारी रहा। वहीं सरकार के तानाशाही रवैया के चलते राज्य कमेटी ने हड़ताल को 31 मई तक बढ़ा दिया है। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुलतान सिंह ने व संचालन जिला सचिव अशोक दुग्गल ने किया। विरोध सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव का.सुनील दत्त ने कहा कि सफाई कर्मचारी द्वारा 24 व 25 मई नरवाना जींद में कैबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय मंत्री हरियाणा कृष्ण बेदी के आवास पर पड़ाव डाला गया था। जहां पर कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री से बात करने के लिए 3 दिन का समय मांगा था जो कल 28 मई को पूरा हो जाएगा। इस दिन भी मांग नहीं मानी गई तो हड़ताल जारी रहेगी। वहीं 30 मई को पानीपत के कैबिनेट मंत्री पंचायत मंत्री हरियाणा कृष्ण पंवार के मतलोड़ा आवास पर विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देंगे। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अमरीश त्यागी, पूर्व प्रधान शमशेर सिंह, उप प्रधान सरोज देवी, राजेंद्र सिंह आदि ने भी संबोधित किया।



पानीपत। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए का. सुनील दत्त।

### चलती ट्रेन में किशोरी से दुष्कर्म, तीन पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में साहिल नामक युवक पर केस दर्ज किया है । वही इस कुकृत्य में साथ देने में साहिल के दो दोस्तों पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार साहिल ने किशोरी को बहलाया फुसलाया और उसे अपने साथ ट्रेन में दिल्ली ले गया। इस दौरान साहिल का एक दोस्त भी इनके साथ रहा। किशोरी का आरोप है कि दिल्ली से लौटते समय ट्रेन के शौचालय में साहिल ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने किशोरी की मेडिकल जांच करवाई और उसके बयान दर्ज किया। पुलिस ने साहिल को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दो साथी फरार हैं।

### भाजपा मुद्दों से ध्यान हटाकर प्रचार की राजनीति कर रही : डॉ. पंवार

**पानीपत।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, उत्तराखण्ड प्रभारी एवं लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा से उनके नई दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट कर हरियाणा की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा के बाद कांग्रेस नेता डॉ.ओमबीर सिंह पंवार ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है और जनता अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल.डीजलए गैस सिलेंडर और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का जीवन कठिन बना दिया है। भाजपा सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान हटाकर केवल प्रचार की राजनीति कर रही है।



पानीपत। कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा से मुलाकात करते डॉ .ओमबीर पंवार ।



चुलकाना। छबील में पानी की सेवा करते पुलिस कर्मचारी । फोटो : हरिभूमि

## चुलकाना चौकी के बाहर पुलिसकर्मियों ने लगाई मीठे पानी की छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चुलकाना

भीषण गर्मी के बीच चुलकाना चौकी पुलिस द्वारा आज चौकी के बाहर राहगिरों के लिए ठंडे पानी की छबील लगाई गई। चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर अनुप सिंह ने कहा कि इस भीषण गर्मी में ठंडा पानी लोगों के लिए अमृत के समान है। जब कोई व्यक्ति इतनी भीषण गर्मी में घर से निकलता है और उसे ठंडा व मीठा पानी मिल जाए तो उसके लिए वह अमृत के समान होता है। चौकी इंचार्ज ने कहा कि समाज की सेवा करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है।

## पुराना बस स्टैंड बना कार्यक्रम का केंद्र, स्वास्थ्य से लेकर सुरक्षा तक पुख्ता इंतजाम

# मुख्यमंत्री आज दिखाएंगे लो फ्लोर ई-बसों को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 28 मई को 80 लो फ्लोर ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने आज जिला सचिवालय सभागार स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने आर्य पीजी कॉलेज कार्यक्रम स्थल और एन एफ एल हेली पैड का भी जायजा लिया। बैठक में शहरी विधायक प्रमोद विज और जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली और सुझाव दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस कार्यक्रम से संबंधित जानकारी विधायक और जिला अध्यक्ष के साथ साझा की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पुराना बस स्टैंड पर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। एडीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आर्य कॉलेज सभागार में भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।



पानीपत। बस अड्डे का निरीक्षण करते विधायक प्रमोद विज व अन्य । फोटो : हरिभूमि

### तैयारियां पूरी

इस दौरान जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहेंगे। लो फ्लोर ई-बसों के संचालन को प्रदेश में आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। बैठक में परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, दमकल विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## न्यूज डायरी



### आईबी कॉलेज अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रेरणा का केंद्र

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग आज न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अनूठी पहचान बना चुका है। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने बताया कि शोध, नवाचार और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। विद्यार्थियों के कई शोध प्रकाशन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आ चुके हैं। । उन्होंने आगे बताया कि डॉ.निधान सिंह की इस ऐतिहासिक खोज और उनके स्कॉलर योगेश की वैश्विक सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि वर्तमान में भी डॉ.निधान सिंह के निर्देशन में चार शोधार्थी पीएचडी कर रहे हैं, जो संस्थान में शोध और नवाचार की मजबूत परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।



### प.नेहरू ने रखी थी आधुनिक भारत की नींव : मलिक

**पानीपत।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेस नेताओं व पदाधिकारियों ने नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत ग्रामीण के अध्यक्ष रमेश मलिक ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखकर देश को विकास, शिक्षा एवं लोकतंत्र की नई दिशा देने का कार्य किया। आज कांग्रेस पार्टी नेहरू जी की विचारधारा, भाईचारे, सामाजिक सौहार्द, लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।



### यूनियन के जिला प्रधान बने ईश्वर दहिया

**पानीपत।** हरियाणा गर्वनमैंट पीडब्ल्यूडी मकैनिकल वर्कर्स यूनियन सम्बंधित संयुक्त कर्मचारी मंच कैंप कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी का त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। चुनाव प्रवेक्षक राज्य उपप्रधान जसमेर शर्मा व राज्य प्रैस सचिव विनोद शर्मा, पूर्व राज्य प्रधान सतपाल रावल, राज्य प्रेस प्रवक्ता कुशलपाल चौहान चुनाव की मौजूदगी में चुनाव हुआ। सभा मौजूद सभी की सर्वसम्मति से जिला प्रधान ईश्वर दहिया, उपप्रधान वीरेंद्र चौहान, जिला सचिव अजय मलिक, कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा, कार्यालय सचिव सतीश कुमार,संगठन सचिव रविंद्र तंवर आदि को चुना गया। इस अवसर पर सेठपाल चौहान, रामपाल तंवर, रविंद्र रावल, राजेन्द्र मलिक, अमर सिंह, विष्णु, विनोद फौजी आदि रहे।



### ब्राह्मण महासंघ परिवार की बैठक 7 जून को : गौतम

**पानीपत।** ब्राह्मण महासंघ परिवार की एक जनरल बैठक 7 जून को पानीपत भगवान परशुराम मंदिर में बुलाई गई है। जिसको लेकर महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम पदाधिकारियों को बैठक के लिए न्यौता देने के लिए गांवों व कालोनियों का दौरा कर रहे हैं। आज गांव जलालपुर प्रथम में पदाधिकारियों को न्यौता देते हुए प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने कहा कि 7 जून को प्रातः10 बजे बरसत रोड वधावा राम कालोनी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में आयोजित इस बैठक में वार्ड व ब्लाक स्तर पर संगठन का विस्तार करने पर दिया जोर।



### भगवान विष्णु की कृपा पाने का मास है मलमास : गांधी

**पानीपत।** सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन द्वारा आयोजित पुरुषोत्तम मास मलमास कथा के ग्यारहवें दिन व्यास पीठ से कथा व्यास प. बृजकिशोर शास्त्री ने कहा कि मलमास के दौरान किया गया जप, तप, दान और भागवद संकीर्तन मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पापों का नाश कर देता है। मुख्य यजमान एवं श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने व्यास पीठ का पूजन कर प.बृजकिशोर शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं उन्होंने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया।



### जमीन का दान सबसे उत्तम दान : प.नरेश व्यास

**पानीपत।** जमीन का दान सबसे उत्तम दान शास्त्रों के अंदर बताया गया है। जैसे जल का दान प्यास बुझाने तक, अन का दान भूख मिटने तक और दूसरे अन्य दान भी सीमित समय के लिए रहते हैं जबकि भूमि का दान हमेशा रहता। यह बातें सेक्टर 13-17 में श्री राधा माधव मंदिर में चल रही है भागवत कथा में कथा वाचक प. नरेश व्यास ब्रजवासी ने श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बताई। वहीं आज की कथा में मुख्य यझमान वरिष्ठ पत्रकार राममेहर कौशिक सपत्नी रहे।

